एक बार नज़र तू कर दे

एक बार नज़र तू कर दे,
मेरी ओर हे खाटू वाले,
बाबा गुम हो गई चाबी,
लगे हैं तकदीर में ताले,
जय श्री श्याम, मेरे श्याम।

मैं पहली बार हूँ आई,
चौखट पर तेरी हे दाता,
तू आज जोड़ ले बाबा,
जनमो जन्मों का नाता,
बाहें के फैला के अपनी,
तू मुझको गले लगा ले,
बाबा गुम हो गई चाबी,
लगे हैं तकदीर में ताले,
जय श्री श्याम, मेरे श्याम।

सारी दुनियाँ मैंने देखा,
तुझसे दातार ना देखा,
बाबा तेरे भक्तों में कोई,
लाचार ना देखा,
परिवार समीप हे बाबा,
हम सब हैं तेरे हवाले,
बाबा गुम हो गई चाबी,
लगे हैं तकदीर में ताले,
जय श्री श्याम, मेरे श्याम।

दीदार हो गया तेरा,
अब कोई फ़िक्र नहीं है,
किसी और का अब,
मेरे मुख पे,
बाबा कोई जिक्र नहीं है,
सुखदेव की हर राहों में,
तूने पल पल किये उजाले,
बाबा गुम हो गई चाबी,
लगे हैं तकदीर में ताले,
जय श्री श्याम, मेरे श्याम

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21976/title/ek-baar-najar-tu-kar-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |